Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार सच का साथी दिनांक 20-05-2022 अंक 230

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## एक वर्ष भी कूड़ो का वहन नहीं कर सकी धनबाद रोड में लगी डस्टबिन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




बरही प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में नवंबर में लगाए गए डस्टबिन अब खोजने से भी नही मिल रहे है। कहीं दिख भी रहा है तो सिर्फ डस्टबिन को सेट करने के लिए लगाया गया स्टील और कुछ टूटकर कबाड़ हो चुका है। वहीं बरही धनबाद रोड में बाजार लगने के कारण हमेशा रोड पर गंदगी पसरा रहता था। वहीं रोड पर गंदगी न फैलने के लिए धनबाद रोड में जगह जगह पर डस्टबिन लगाया गया था। डस्टबिन योजना एक वर्ष भी कूड़ो का वहन नही कर सका। दम तोड़कर खुद कचरे के ढेर में तब्दील हो गया। लिहाजा फिर से सड़को पर कचरा फेका जाने लगा। सरकार की सोच थी की कूड़े से विभिन्न प्रकार के रोग फैलते है। इसके लिए इसके लिए प्रत्येक वार्ड के सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ेदान रखा जाए, जहां लोग घर से निकलकर कूड़े कचड़ो को कूड़ेदान में ही डाले जिससे आस पास गंदगी फैलने से बचाया जा सके। इसके लिए सरकार ने पंचायत को लाखो रुपए दिए। डस्टबिन की खरीदारी बाद दो चार माह तक लोग घर के कचरे को कूड़ेदान में डालते देखे गए। अब डस्टबिन कहीं देखने को मिलता भी है तो टूटे फूटे अवस्था में । इस योजना में सरकार के लाखो रुपए बह गए, डस्टबिन किसी काम का नही रहा। इस दिशा में वरीय पदाधिकारियों का अब तक ध्यान नहीं गया है।

## बाइक और ऑटो की हुई टक्कर में एक घायल

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



कोडरमा जिला अंर्तगत मरकच्चो निवासी कमरूल हक उम्र 60 वर्ष पिता अब्दुल हक बरही धनबाद रोड में हुई बाइक और ऑटो की हुई टक्कर में गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जा करी के अनुसार अपना कुछ निजी काम से बरही आए था इसी क्रम में बरही धनबाद रोड में ऑटो और बाइक में सीधा टक्कर हो गया। वहीं आस पास के लोगो ने उन्हें बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उनका प्राथमिक उपचार कर छुट्टी दे दिया गया।

## जातीय एवं धार्मिक समीकरणों में विकास की बाते हुई ओझल, चंद वोटो से हारा चुनाव, परिवर्तन के लिए जंग अब भी जारी : अनुज यादव

### साथ, समर्थन व आशीर्वाद के साथ ढेर सारा वोट देने के लिए पंचायत के तमाम मतदाताओं को आभार

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


अनुज यादव

बरही प्रखंड अंतर्गत रसोईया धमना पंचायत से पंचायत समिति पद के लिए चुनाव लड़ने वाले युवा प्रत्याशी पत्रकार सह अधिवक्ता अनुज यादव ने प्रेस बयान जारी करते हुए इस चुनावी समर में इनका साथ देने वाले, सभी समर्थकों, मित्रों, अभिभावकों, विभिन्न सामा. जिक एवं महिला संगठ्नों के सदस्यों, माताओं, बहनों, सभी मतदाताओं का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि इस पंचायत चुनाव में इतने बड़े बड़े धुरंधर मैदान में उतरते है कि जनता कंफ्यूज हो जाती है, ऐसे में कुछ जातीय एवं धार्मिक ठे. केदार अपना पासा फेंक कर भोले भाले मतदाताओं के आंखों के सामने धुंध ला देते है ऐसे में वे अपना मत का प्रयोग स्वयं के मत से करने में असमर्थ हो जाते है, लेकिन तारीफ के काबिल है रसोईया धमना पंचायत के मतदाता जो इन सारे अंडबरो को दरकिनार कर एक नेक, सच्चे एवं ईमानदार प्रत्याशी को वोट किया और मुझे लगभग 950 वोट दिया। जिसे लोग बालक बताने में लगे थे मतदाता बन्दुओ ने उन्हें सरपंच बनाने का मन बना रखा था, लेकिन कुछ धर्म के ठीकेदार पाखंडियो के कारण लगभग 100 वोटो से उनका सपना टूट गया और मैं चुनाव हार गया, लेकिन मेरे प्यारे मतदाताओं को घबराने की आवश्यकता नही है, मैं जो बोला था वो करूँगा, उनका कार्य कही बाधित नही होगा यह मेरा भी संकल्प है। रसोईया धमना पंचायत सहित प्रखंड के सभी पंचायतों के आम जनता से अपील करना चाहता हूं कि आपका जो भी कोई सरकारी कार्य किसी भी कार्यालय में बाधित हो मुझे जरूर बताये, मैं अपने स्तर से उसे निष्पादित करवाने का पूरा प्रयास करूंगा। निर्वाचित जन प्रति. निधि बनता तो फंड का व्यवस्था कर क्षेत्र के चहुमुखी विकास करवाने का प्रयास करता लेकिन अब भी मेरे व्यक्तिगत, ज्ञान, विवेक एवं वकालत के डिग्री से जिनका जितना सहयोग हो सके करने को तत्पर हूं। साथ ही रसोईया धमना पंचायत के जनता के लिए समर्पित रहूंगा।

APEM LIVE

## मुखिया के विजय जुलुश पर हिंसक झड़प, एक कि मौत चार गंभीर रूप से घायल

### दूसरे पक्ष ने घर मे घुसकर मारपीट व छेड़छाड़ का लगाया आरोप, तनावपूर्ण माहौल

### आक्रोशित भीड़ ने घन्टो सड़क किया जाम, हत्या के आरोपी को गिरफ्तार की मांग

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशेर राणा**



बीते रात्रि पडरिया पंचायत के ककरौला में दो पक्षो में जमकर मारपीट हुवा। घटना में एक पक्ष से घायल बिरेन्द्र सिंह का इलाज के दौरान मौत हो गया। वही सुनील सिंह पिता स्वर्गीय राजेन्द्र सिंह उम्र40, राजेश सिंह व लोकेश सिंह दोनों पिता स्वर्गीय शंकर सिंह, बबलू सिंह पिता गोविंद सिंह घायल घायल हो गए। सभी का ईलाज राँची स्थित रिम्स में चल रहा है। बताया जाता है कि इलाजरत बबलू सिंह की स्थिति नाजुक बना हुआ है। वही दूसरे पक्ष से बाल किसुन यादव व मुकेश यादव आदि ने आरोप लगाया कि पडरिया मुखिया के जुलुश में शामिल मुखिया व अन्य लोगों ने घर मे घुसकर तोड़फोड़ व महिलाओं के साथ छोड़ किया है। अहले सुबह बरही विधायक अकेला यादव अपने समर्थकों संग विजय जुलुश में शामिल मुखिया व अन्य लोगों को गिरफ्तारी की मांग करते रहे लेकिन दूसरे पक्ष से मौत कि खबर सुनकर सभी लोग थाना से निकल गए।

**क्या है मामला :** बताया जाता है कि पडरिया पंचायत से निर्वाचित मुखिया पप्पू रजक के जीत की खुशी में पडरिया के ग्रामीणों ने विजय जुलुश निकाला था । विजय जुलुश जैसे ही करौल पहुँचा वहां किसी बात को लेकर बाल किसुन यादव व उनके पुत्र मुकेश यादव आदि के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गया। देखते ही देखते विवाद बढ़ा और मारपीट शुरू हो गया। इस दौरान विजय जुलुश में शामिल पडरिया निवासी बिरेन्द्र सिंह, उम्र लगभग 40 गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल अवस्था मे बेहतर ईलाज के लिए राँची ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बाल किसुन यादव, मुकेश यादव, उमेश यादव, सतीश यादव, बालमुकुंद यादव, सिकेन्द्र यादव, यूपी यादव, जितेंद्र यादव, अजय यादव,



**घटना से ग्रामीणों में आक्रोश, सड़क किया जाम, आरोपियों को गिरफ्तारी की माँग**

इधर घटना में मौत की खबर मिलते ही भूमिहार समाज सहित पडरिया के ग्रामीण सड़क पर उतर गये। केंदुआ मोड़ पर वि. रोध प्रदर्शन करते हुए घन्टो सड़क जाम कर दिया। बरही विधायक उमाशंकर अकेला यादव के खिलाफ जमकर नारेबाजी हुवा। घटना स्थल पर पहुँचे इंस्पेक्टर से आक्रो. शित भीड़ ने दोषियो को अविलंब गिरफ्तार करने की मांग कर रहे थे। भिंड ने कहा जब तक बाल किसुन यादव, मुकेश यादव, उमेश यादव, सतीष यादव आदि की गिरफ्तारी नही होता तब तक सड़क जाम रहेगा।

## ज्ञानवापी मस्जिद में शिवलिंग का मिलना सुखद अनुभूति, शिव पूजा की मिले अनुमति : कुमार यदुवंशी

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


कुमार यदुवंशी

बरही प्रखंड के ग्रामीण बजरंग दल संयोजक कुमार यदुवंशी ने कहा कि काशी के ज्ञानवापी मस्जिद के सर्वे के दौरान वजू खाने से 12 फीट 8 इंच का शिवलिंग का मिलना एक सुखद अनुभूति है। देश के सनातन समाज के लिए एक शुभ संकेत है। सनातन समाज को अयोध्या के बाद दूसरी सबसे बड़ी जीत मिलना तय है। जो बातें सामने आ रही है। उससे 100 करोड़ हिंदुओं के लिए गौरव का क्षण है। हिंदू सनातन धर्मियों के लिए इससे बढ़कर खुशी हो ही नहीं सकती । कुमार यदुवंशी ने कहा कि ज्ञानवापी मस्जिद का निर्माण एक पुराने शिव मंदिर की जगह पर किया गया था जिसे औरंगजेब ने 1669 में ध्वस्त कर दिया था । इस स्थान में मूल रूप से एक विशेश्वर मंदिर था जिसे टोडरमल नारायण भट्टा के साथ स्थापित किया था । कहा कि जब औरंगजेब की सेना ने काशी मंदिर को तोड़ने के लिए पूरे क्षेत्र को घेर लिया था। पूरे काशी में मुगल सैनिकों के हाथों में तलवारें और मंदि. रों को छोड़कर भागते लोगों की चीखें ही दिखाई और सुनाई दे रही थी । तबीयत पुजारी ने हिम्मत दिखाई और महादेव के स्वयंभू ज्योतिर्लिंग को बचाने के लिए शिवलिंग के साथ ज्ञानवापी कुएं नदी कूद गये थे। मोदी सरकार के प्रयासों से 353 साल पुराना ज्ञानवापी कुंड काशी विश्वनाथ मंदिर के विस्तार में कारिडोर का हिस्सा बना । वर्षो से अपने महादेव की प्रतीक्षा करते नंदी महाराज की वनवास समझो आज समाप्त हुई है। सनातनधर्मियों के लिए सुखद अनुभूति का क्षण है, पर कहा कि तो अभी झांकी है आगरा मथुरा कुतुबमीनार अभी बाकी है । हम समस्त सनातन धर्मावलबियो को उस दिन संपूर्ण खुशी मिलेगी जिस दिन हमारे मठ मंदिरों महलों को मुगल आक्रांताओं द्वारा किया गया जबरन कब्जा के मुक्त कर पुनः पुनर्त्थन सनातन धमा. ंवलबियो के लिए किया जाएगा। उन्होंने मोदी सरकार से अविलम्ब सनातन समाज को शिव की पूजा की अनुमति देने की मांग की है।

APEM LIVE

डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

दिनांक: 20-05-2022

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर



## पत्रकार के पिता के श्राद्ध कार्यक्रम में शामिल हुआ पत्रकार संघ व सामाजिक कार्यकर्ता, शोक संवेदना किया व्यक्त



**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

विगत 9 मई को पत्रकार अजय कुमार के पिता रामजी प्रसाद का आकस्मिक निधन हो गया। श्राद्ध कार्यक्रम में पत्रकार संघ एवं सामाजिक कार्यकर्ता शामिल होकर शोक संवेदना व्यक्त किया। इस दौरान सभी ने उनके तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। मौके पर जिला परिषद सदस्य किशुन यादव, सामाजिक कार्यकर्ता मो क्यूम, मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, सद्भावना विकास मंच के अध्यक्ष राज. सिंह चौहान, कृष्णा प्रजापति, प्रमोद विश्वकर्मा, डॉ अनिल कुमार, धनवार मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, दयानंद चौरसिया, रितेश कुमार, राजदेव गुप्ता, बिपिन बिहारी पांडेय, अनुज कुमार, धनंजय कुमार, अनुज कुमार, सोनू पंडित, राकेश रोशन, विकास कुमार, पंकज कुमार, नरेश प्रसाद, दामोदर प्रसाद आदि उपस्थित रहें





## चुनाव हारा हूं हिम्मत नहीं : संजय यादव

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



झारखंड पंचायत चुनाव में बड़े बड़े दिगज धन बल का प्रयोग के बाद भी करीब साढ़े तीन सौ मत से हार के बाद जिला परिषद बरही मध्य भाग के उम्मीदवार के निवेदक संजय यादव ने हार स्वीकार की है. संजय यादव ने कहा कि आप भगवान स्वरूप मतदाता और कार्यकर्ता गण के इस जनादेश को स्वीकारते हुए रचनात्मक विपक्ष की भूमिका निभाएगी और क्षेत्र के विकास से जुड़े हर मुद्दे को प्रमुखता से उठाएगी. श्री यादव ने कहा कि इस विश्वास के साथ की नव निर्वाचित सदस्य क्षेत्र का विकास करेगी, मैं नव निर्वाचित सदस्यों और उनके कार्यकर्ताओं को बधाई देता हूं. संजय यादव क्षेत्र की जनता द्वारा दिये गये( 7298 मत) जनादेश का सम्मान करती है. सभी कार्यकर्ताओं ने इस चुनाव में अथक परिश्रम किया और दिन रात चुनाव में लगे रहे है. सभी कार्यकर्ताओं का ह्दय से अभिनंदन और साधुवाद.

## नशे की हालत में स्कार्पियो ने मराज़ों कार में मारी टक्कर, 5 लोग घायल

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



क्षतिग्रस्त कार

देवचन्दा मोड़ के पास नशे की हालत में एक स्कार्पियों चालक ने सामने से जा रही एक मराजो कार में पीछे से जोर दार टक्कर मार दी। जिसके वजह से मराज़ों कार में सवार मुकेश कुमार गुप्ता एवं सियाराम सिंह घायल हो गए । दोनो का प्राथमिक उपचार बरही अनुमंडलीय अस्पताल में किया गया। घटना स्थल पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि जिस स्कार्पियो के द्वारा टक्कर मारी गई। उसमे सवार सभी लोग नशे की हालत में थे । इस स्कार्पियो में सवार तीन लोगों की चोट लगी है। उन्हें भी अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार किया गया। प्रत्यक्षदर्षियों ने यह भी बताया कि स्कार्पियों वाहन में दो पेटी शराब लोड था। उक्त सभी लोग जहानाबाद बिहार के बताए जा रहे है। ऐसी आशंका जताया जा रहा है कि उक्त लोग झारखण्ड से शराब लेकर बिहार जा रहे थे। स्कार्पियो में शराब मिलने संबंधी मामले की जांच बरही पुलिस कर रही है।

## करियातपुर पंचायत से मुखिया पद से मनोज कुमार हुए निर्वाचित, जनता का जताया आभार

### यह हमारा नही जनता की जीत है : मनोज कुमार

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



करियातपुर पंचायत से मुखिया पद से मनोज कुमार निर्वाचित हुए। वहीं उन्होंने तमाम करियातपुर पंचायत के मतदाताओं को विगत चुनाव में उनके पक्ष में मतदान करने के लिए आभार प्रकट किया है। साथ ही साथ उन्होंने कहा की जनता की सेवा के लिए हमेशा प्रयासरत रहेंगे। वहीं उन्होंने कहा की इतने बड़े स्तर पर मतदान करने वाली जनता बधाई के पात्र है। साथ ही मतदान प्रतिशत बढ़ाने में सहयोग करने के लिए प्रशासन, सामाजिक संगठ्न, व्यापार मंडल, मोहल्ला समिति, युवा शक्ति सहित करियातपुर पंचायत के सभी ग्रामीणों का आभार प्रकट किए है।

## भंडारों पंचायत से रीना देवी मुखिया पद के लिए 423 वोट से हुई निर्वाचित

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



रीना देवी

भंडारों पंचायत से मुखिया पद से रीना देवी निर्वाचित हुई। वहीं उन्होंने अपने निक. ट्तम प्रतिद्विंदी शबीना खातून को 423 मतों से हराकर विजय हासिल की। साथ ही उन्होंने भंडारों पंचायत के तमाम मतदाताओं को विगत चुनाव में उनके पक्ष में मतदान करने के लिए आभार प्रकट किया । साथ ही साथ उन्होंने कहा की जनता के सेवा के लिए मैं हमेशा तत्पर रहूंगी और जिस उम्मीद से जनता ने मुझे विजयी बनाया है। मैं उनकी उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास करूंगी। अंत में उन्होंने कहा की इतने बड़े स्तर पर मतदान करने वाली जनता बधाई के पात्र है। साथ ही मतदान प्रतिशत बढ़ाने में सहयोग करने के लिए प्रशासन, सामाजिक संगठ्न, युवा शक्ति सहित भंडारों पंचायत के सभी ग्रामीणों का आभार प्रकट करती हूं।

## बरकट्ठा उतरी जीप सदस्य 8 से कुमकुम देवी रिकार्ड मतों से विजयी हुई

### व बरकट्ठा दक्षिणी 7 से प्रेरणा प्रिया ने सबको चौकाया

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**



कुमकुम देवी



प्रेरणा प्रिया

जिला परिषद दक्षिणी भाग संख्या 07 एवं बरकट्ठा उतरी भाग संख्या 08 का चुनाव परिणाम घोषित हुआ। हजारीबाग के बरकट्ठा उतरी भाग संख्या 08से जिला परिषद सदस्य उम्मीदवार कुमकुम देवी ने रिकoर्ड 18911 मत प्राप्त कर अपने निकट्तम प्रतिद्वंदी नीतू यादव को 12846 रिकॉर्ड मतों से निर्वाचित हुए। वहीं बरकट्ठा दक्षिणी 07 से जिला परिषद सदस्य उम्मीदवार प्रेरणा प्रिया ने सबको चौकाते हुए 5801 मत प्राप्त कर अपने निक. ट्तम प्रतिद्वंदी नाज़नीन खातून से1039 मतों के अन्तर से निर्वाचित हुए। दोनों को एसी राकेश रोशन ने प्रमाणपत्र दिया। दोनो ने बरकट्ठा प्रखण्ड की जनता के प्रति आभार प्रकट किया।




डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## वार्ड सदस्य चुनाव में कड़ी टक्कर दिलचस्प परिणाम

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**

बरकट्ठा दक्षिणी, झुरझुरी, कोनहराखुर्द, सलैया, चेचकपी पंचायत में वार्ड सदस्यों के चुनाव में कड़ी टक्कर के बीच दिलचस्प परिणाम सए हैं। कोई पांच तो कोई 10 वोटों से जीत दर्ज की है। इनमें बरकट्ठा दक्षिणी पंचायत के वार्ड संख्या 01 प्रत्याशी हमीदा खातुन 75 मत प्राप्त कर निकट्टतम प्रतिद्वंदी रुबैदा प्रवीण से 45 मतों के अन्तर से विजयी हुई। बरकट्ठा दक्षिणी वार्ड संख्या 02 प्रत्याशी साहिना खातुन 207 मत प्राप्त कर निक. ट्टतम प्रतिद्वंदी राजेन्द्र प्रजा. पति से 173 मतों के अन्तर से विजयी। बरकट्ठा दक्षिणी वार्ड संख्या 04 प्रत्याशी वकील अंसारी 95 मत प्राप्त कर निकट्टतम प्रतिद्वंदी सहादत अंसारी से 10 मतों के अन्तर से विजयी हुए। बरकट्ठा दक्षिणी वार्ड संख्या 05 प्रत्याशी तबसुम खातुन 239 मत प्राप्त कर निकट्टतम प्रतिद्वंदी कोशिला कुमारी से 168 मतों के अन्तर से विजयी। बरकट्ठा दक्षिणी वार्ड संख्या 07 प्रत्याशी कोरेशा खातुन 122 मत प्राप्त कर निक. ट्टतम प्रतिद्वंदी अनीता देवी से 71 मतों के अन्तर से विजयी। बरकट्ठा दक्षिणी वार्ड संख्या 15 प्रत्याशी बिनोद कुमार ठाकुर 78 मत प्राप्त कर निकट्टतम प्रतिद्वंदी सूमन कुमार से 29 मतों के अन्तर से विजयी।झुरझुरी पंचायत के वार्ड संख्या 01 प्रत्याशी गीता कुमारी 113 मत प्राप्त कर निकट्टतम प्रतिद्वंदी रेखा कुमारी से 19 मतों के अन्तर से विजयी हुई। झुरझुरी वार्ड संख्या 02 प्रत्याशी मिक्की गुप्ता 159 मत प्राप्त कर निक. ट्टतम प्रतिद्वंदी लक्ष्मी देवी से 14 मतों के अन्तर से विजयी हुई। झुरझुरी वार्ड संख्या 04 प्रत्याशी शिबू सोरेन 158 मत प्राप्त कर निकट्टतम प्रतिद्वंदी सुरेश यादव से 48 मतों के अन्तर से विजयी। झुरझुरी वार्ड संख्या 05 प्रत्याशी प्रयाग रविदास 98 मत प्राप्त कर निकट्टतम प्रतिद्वंदी बबूनी रविदास से 15 मतों के अन्तर से विजयी। झुरझुरी वार्ड संख्या 06 प्रत्याशी फुलवा देवी 202 मत प्राप्त कर निकटतम प्रतिद्वंदी टुकनी देवी से 128 मतों के अन्तर से विजयी। झुरझुरी वार्ड संख्या 07 प्रत्याशी शांति देवी 125 मत प्राप्त कर निक. ट्टतम प्रतिद्वंदी किरण कुमारी से 26 मतों के अन्तर से विजयी। झुरझुरी वार्ड संख्या 08 प्रत्याशी सहजाद मियां 114 मत प्राप्त कर निक. ट्टतम प्रतिद्वंदी मो रफीक से 45 मतों के अन्तर से विजयी। झुरझुरी वार्ड संख्या 09 प्रत्याशी प्रियंका कुमारी 122 मत प्राप्त कर निक. ट्टतम प्रतिद्वंदी नीलम देवी से 07 मतों के अन्तर से विजयी।झुरझुरी वार्ड संख्या 10 प्रत्याशी गुड़िया कुमारी 141 मत प्राप्त कर निक. ट्टतम प्रतिद्वंदी तारा देवी से 58 मतों के अन्तर से विजयी।झुरझुरी वार्ड संख्या 12 प्रत्याशी सहदेव प्रसाद 178 मत प्राप्त कर निक. ट्टतम प्रतिद्वंदी बदरी महतो से 70 मतों के अन्तर से विजयी। झुरझुरी वार्ड संख्या 13 प्रत्याशी पार्वती कुमारी 90 मत प्राप्त कर निक. ट्टतम प्रतिद्वंदी चिंता कुमारी से 19 मतों के अन्तर से विजयी। कोनहराखुर्द वार्ड संख्या 01 प्रत्याशी आसमां खातुन 103 मत प्राप्त कर निकट्टतम प्रतिद्वंदी मकीना खातुन से 24 मतों के अन्तर से विजयी। कोनहराखुर्द वार्ड संख्या 02 प्रत्याशी उसमान अंसारी 120 मत प्राप्त कर निक. ट्टतम प्रतिद्वंदी मो इसराइल अंसारी से 05 मतों के अन्तर से विजयी। कोनहराखुर्द वार्ड संख्या 03 प्रत्याशी मदीना खातुन 62 मत प्राप्त कर निकट्टतम प्रतिद्वंदी कोरेशा खातुन से 08 मतों के अन्तर से विजयी। कोनहराखुर्द वार्ड संख्या 04 प्रत्याशी जैबुन निशा 192 मत प्राप्त कर निकट्टतम प्रतिद्वंदी फिरोज बानो से 85 मतों के अन्तर से विजयी। कोनहराखुर्द वार्ड संख्या 05 प्रत्याशी मो अली अखतर 129 मत प्राप्त कर निकट्टतम प्रतिद्वंदी मो गुलाम अंसारी से 38 मतों के अन्तर से विजयी। कोनहराखुर्द वार्ड संख्या 06 प्रत्याशी ममता कुमारी 175 मत प्राप्त कर निक. ट्टतम प्रतिद्वंदी प्रियंका देवी से 86 मतों के अन्तर से विजयी। कोनहराखुर्द वार्ड संख्या 07 प्रत्याशी अर्जुन दास 135 मत प्राप्त कर निकट्टतम प्रतिद्वंदी लीलावती कुमारी से 24 मतों के अन्तर से विजयी। कोनहराखुर्द वार्ड संख्या 09 प्रत्याशी मो इसराइल 185 मत प्राप्त कर निकट्टतम प्रतिद्वंदी अर्जुन सिंह से 100 मतों के अन्तर से विजयी। कोनहराखुर्द वार्ड संख्या 13 प्रत्याशी गुड़िया देवी 127 मत प्राप्त कर निकट्टतम प्रतिद्वंदी उमा कुमारी से 32 मतों के अन्तर से विजयी। कोनहराखुर्द वार्ड संख्या 14 प्रत्याशी रूवियाना खातुन 97 मत प्राप्त कर निक. ट्टतम प्रतिद्वंदी संजय कुमार से 15 मतों के अन्तर से विजयी। कोनहराखुर्द वार्ड संख्या 15 प्रत्याशी बिंदा देवी 105 मत प्राप्त कर निकट्टतम प्रतिद्वंदी किरण कुमारी से 22 मतों के अन्तर से विजयी। सलैया पंचायत के वार्ड संख्या 01 प्रत्याशी कंचन कुमारी 142 मत प्राप्त कर निकट्टतम प्रतिद्वंदी उर्मिला देवी से 14 मतों के अन्तर से विजयी। सलैया वार्ड संख्या 02 प्रत्याशी परमेश्वरी कुमारी 123 मत प्राप्त कर निक. ट्टतम प्रतिद्वंदी लक्ष्मी देवी से 28 मतों के अन्तर से विजयी।सलैया वार्ड संख्या 04 प्रत्याशी प्रियंका कुमारी 159 मत प्राप्त कर निक. ट्टतम प्रतिद्वंदी मंजु देवी से 56 मतों के अन्तर से विजयी। सलैया वार्ड संख्या 06 प्रत्याशी सीमा कुमारी 227 मत प्राप्त कर निक. ट्टतम प्रतिद्वंदी नारायण प्रसाद से 69 मतों के अन्तर से विजयी। सलैया वार्ड संख्या 07 प्रत्याशी निशु देवी 73 मत प्राप्त कर निकट्टतम प्रतिद्वंदी सरिता देवी से 14 मतों के अन्तर से विजयी। सलैया वार्ड संख्या 08 प्रत्याशी त्रिभुवन महतो 137 मत प्राप्त कर निकट्टतम प्रतिद्वंदी संतोषी देवी से 57 मतों के अन्तर से विजयी। सलैया वार्ड संख्या 10 प्रत्याशी रेखा देवी 132 मत प्राप्त कर निकट्टतम प्रतिद्वंदी तारा देवी से 43 मतों के अन्तर से विजयी। सलैया वार्ड संख्या 11 प्रत्याशी पप्पू कुमार 87 मत प्राप्त कर निकट्टतम प्रतिद्वंदी भूनेश्वर प्रसाद से 16 मतों के अन्तर से विजयी। सलैया वार्ड संख्या 12 प्रत्याशी जागेश्वर बैठा 153 मत प्राप्त कर निकट्टतम प्रतिद्वंदी कांति कुमारी से 66 मतों के अन्तर से विजयी। सलैया वार्ड संख्या 13 प्रत्याशी सरस्वती देवी 93 मत प्राप्त कर निकट्टतम प्रतिद्वंदी अनिता देवी से 12 मतों के अन्तर से विजयी। सलैया वार्ड संख्या 14 प्रत्याशी मोहनी देवी 153 मत प्राप्त कर निकट्टतम प्रतिद्वंदी मीना देवी से 41 मतों के अन्तर से विजयी। चेचकपी पंचायत वार्ड संख्या 01 प्रत्याशी रिंकी कुमारी 102 मत प्राप्त कर निक. ट्टतम प्रतिद्वंदी बिदया देवी से 51 मतों के अन्तर से विजयी। चेचकपी वार्ड संख्या 02 प्रत्याशी लक्ष्मी देवी 130 मत प्राप्त कर निक. ट्टतम प्रतिद्वंदी मझली देवी से 26 मतों के अन्तर से विजयी। चेचकपी वार्ड संख्या 13 प्रत्याशी राजकूमार मूर्मू 173 मत प्राप्त कर निक. ट्टतम प्रतिद्वंदी सुखदेव बास्के से 68 मतों के अन्तर से विजयी। चेचकपी वार्ड संख्या 14 प्रत्याशी हीरामुनि देवी 118 मत प्राप्त कर निक. ट्टतम प्रतिद्वंदी दुलारी देवी से 48 मतों के अन्तर से विजयी हुई।

## बरकट्ठा उत्तरी, शिलाडीह बेलकपी, गोरहर पंचायत

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**

बरकट्ठा प्रतिनिधि। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव परिणाम के घोषणा में वार्ड सदस्यों ने कड़ी टक्कर के बाद जीत दर्ज की है। इनमें बरकट्ठा उत्तरी पंचायत के वार्ड संख्या 01 प्रत्याशी सरस्वती देवी 158 मत प्राप्त कर निक. ट्टतम प्रतिद्वंदी बैजंती देवी से 05 मतों के अन्तर से विजयी हुई।बरकट्ठा उत्तरी वार्ड संख्या 02 प्रत्याशी राज गुप्ता 220 मत प्राप्त कर निकट्टतम प्रतिद्वंदी बिट्टू कुमार से 84 मतों के अन्तर से विजयी हुए। बरकट्ठा उत्तरी वार्ड संख्या 03 प्रत्याशी दीपक सोनार 144 मत प्राप्त कर निकट्टतम प्रतिद्वंदी संतोष कुमार मल्लाह से 61 मतों के अन्तर से विजयी हुए। बरकट्ठा उत्तरी वार्ड संख्या 09 प्रत्याशी अमर कुमार 117 मत प्राप्त कर निक. ट्टतम प्रतिद्वंदी गफ्फार खान से 31 मतों के अन्तर से विजयी।बरकट्ठा उत्तरी वार्ड संख्या 10 प्रत्याशी उर्मिला देवी 141 मत प्राप्त कर निकट्टतम प्रतिद्वंदी रेखा देवी से 15 मतों के अन्तर से विजयी।बरकट्ठा उत्तरी वार्ड संख्या 11 प्रत्याशी मुनिया देवी 134 मत प्राप्त कर निकट्टतम प्रतिद्वंदी सावित्री देवी से 48 मतों के अन्तर से विजयी हुई।शिलाडीह पंचायत के वार्ड संख्या 01 प्रत्याशी समीना खातुन 146 मत प्राप्त कर निकट्टतम प्रतिद्वंदी शबनम प्रवीण से 12 मतों के अन्तर से विजयी हुई। शिलाडीह वार्ड संख्या 02 प्रत्याशी एकलाख अंसारी 124 मत प्राप्त कर निकट्टतम प्रतिद्वंदी सफीक अंसारी से 70 मतों के अन्तर से विजयी हुए। शिलाडीह वार्ड संख्या 04 प्रत्याशी संदीप कुमार साव 161 मत प्राप्त कर निकट्टतम प्रतिद्वंदी रेणु देवी से 99 मतों के अन्तर से विजयी। शिलाडीह वार्ड संख्या 05 प्रत्याशी असमा खातुन 87 मत प्राप्त कर निकट्टतम प्रतिद्वंदी खतिजा खातुन से 10 मतों के अन्तर से विजयी। शिलाडीह वार्ड संख्या 06 प्रत्याशी हसिना खातुन 124 मत प्राप्त कर निकट्टतम प्रतिद्वंदी वकीला खातुन से 19 मतों के अन्तर से विजयी। शिलाडीह वार्ड संख्या 07 प्रत्याशी मंजु देवी 119 मत प्राप्त कर निकट्टतम प्रतिद्वंदी ललिया देवी से 15 मतों के अन्तर से विजयी। शिलाडीह वार्ड संख्या 12 प्रत्याशी सबिहा नाज 138 मत प्राप्त कर निकट्टतम प्रतिद्वंदी सफी अफजल से 49 मतों के अन्तर से विजयी। शिलाडीह वार्ड संख्या 13 प्रत्याशी फुलमति देवी 154 मत प्राप्त कर निक. ट्टतम प्रतिद्वंदी मोहर नायक से 103 मतों के अन्तर से विजयी। बेलकपी वार्ड संख्या 01 प्रत्याशी अनिता कुमारी 121 मत प्राप्त कर निकट्टतम प्रतिद्वंदी सरिता गोस्वामी से 40 मतों के अन्तर से विजयी। बेलकपी वार्ड संख्या 03 प्रत्याशी छत्रधारी ठाकुर 121 मत प्राप्त कर निकट्टतम प्रतिद्वंदी रोहित ठाकुर से 22 मतों के अन्तर से विजयी। बेलकपी वार्ड संख्या 04 प्रत्याशी सीता देवी 103 मत प्राप्त कर निकट्टतम प्रतिद्वंदी उर्मिला देवी से 69 मतों के अन्तर से विजयी। बेलकपी वार्ड संख्या 05 प्रत्याशी रूकमणी देवी 102 मत प्राप्त कर निकट्टतम प्रतिद्वंदी राम आशीष कुमार पाण्डेय से 43 मतों के अन्तर से विजयी। बेल. कपी वार्ड संख्या 06 प्रत्याशी द्वारिका नायक 100 मत प्राप्त कर निक. ट्टतम प्रतिद्वंदी प्रयाग राणा से 13 मतों के अन्तर से विजयी।बेलकपी वार्ड संख्या 07 प्रत्याशी सोनी पाण्डेय 225 मत प्राप्त कर निकट्टतम प्रतिद्वंदी दुलारी देवी से 166 मतों के अन्तर से विजयी।बेल. कपी वार्ड संख्या 08 प्रत्याशी करमी देवी 132 मत प्राप्त कर निकट्टतम प्रतिद्वंदी पुनम देवी से 35 मतों के अन्तर से विजयी। बेलकपी वार्ड संख्या 09 प्रत्याशी नरेश ठाकुर 130 मत प्राप्त कर निकट्टतम प्रतिद्वंदी फुलवा देवी से 83 मतों के अन्तर से विजयी। बेलकपी वार्ड संख्या 10 प्रत्याशी आलोक कुमार 191 मत प्राप्त कर निकट्टतम प्रतिद्वंदी तारा देवी से 110 मतों के अन्तर से विजयी। बेलकपी वार्ड संख्या 13 प्रत्याशी प्रियंका कुमारी 195 मत प्राप्त कर निकट्टतम प्रतिद्वंदी पुजा कुमारी से 92 मतों के अन्तर से विजयी। बेलकपी वार्ड संख्या 15 प्रत्याशी श्याम प्रसाद वर्णवाल 164 मत प्राप्त कर निकट्टतम प्रतिद्वंदी गिरधारी नायक से 21 मतों के अन्तर से विजयी। बेलकपी वार्ड संख्या 16 प्रत्याशी सावित्री कुमारी 184 मत प्राप्त कर निकट्टतम प्रतिद्वंदी संगीता देवी से 63 मतों के अन्तर से विजयी। गोरहर वार्ड संख्या 02 प्रत्याशी प्रमोद कुमार 140 मत प्राप्त कर निकट्टतम प्रतिद्वंदी संजय सिंह से 28 मतों के अन्तर से विजयी।गो. रहर वार्ड संख्या 06 प्रत्याशी सीताराम पासवान मत प्राप्त कर निकट्टतम प्रतिद्वंदी देवनारायण महतो से 04 मतों के अन्तर से विजयी। गोरहर वार्ड संख्या 07 प्रत्याशी शिला कुमारी 100 मत प्राप्त कर निकट्टतम प्रतिद्वंदी वि. निता कुमारी से 30 मतों के अन्तर से विजयी। गोरहर वार्ड संख्या 11 प्रत्याशी कुंजलाल महतो 194 मत प्राप्त कर निक. ट्टतम प्रतिद्वंदी मुलवा देवी से 37 मतों के अन्तर से विजयी हुए।

## जनता के जनादेश का सम्मान करता हूँ :- संजय यादव

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**


संजय यादव

बरकट्ठा बरकट्ठा उत्तरी पंचयात समिति सदस्य उम्मीदवार संजय यादव ने कहा कि मुझे जो जनादेश जनता के द्वारा मिला उसका मैं सम्मान करता हूँ संजय यादव ने कहा कि हार जीत अपने जगह है।देव तुल्य जनता के लिए 24 घंटे मैं उपलब्ध रहूँगा।कभी किन्ही को थाना,ब्ल०क, अंचल किसी तरह का परेशानी हो तो सीधा हमसे संपर्क करें।हर संभव मदद करने का प्रयास करूँगा।साथ ही अपने नव निर्वाचित पंचायत समिति उम्मीदवार प्रीती गुप्ता, मुखिया प्रमिला देवी जिला परिषद सदस्य प्रेरणा प्रिया एवं अपने पंचयात के सभी नव निर्वाचित वार्ड सदस्य को जीत की हार्दिक बधाई ।

## 1258 रिकश्वर्ड मतों से मुखिया पद पर निर्वाचित हुई प्रेमिका कुमारी

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**








बरकट्ठा प्रतिनिधि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दौरान आश्चर्यजनक रूप से 17 पंचायतों में से 16 पंचायतों में नए मुखिया का निर्वाचित हुए सिर्फ बरकट्ठा उतरी पंचायत में पूर्व मुखिया बसन्त साव की पत्नी प्रमिला देवी ने लगातार दूसरी बार मुखिया चुनाव जीता इस बार बरकनगांगो से बसंती देवी , चुगलामो पंचायत से फूलवंती देवी, गैंडा पंचायत से सुमन देवी, बेडोकला पंचायत से रिंकी देवी, तुइयो पंचायत से शंकर रविदास, कपका पंचायत से कमलेश कुमार, गगपाचो पंचायत से गयपहाड़ी पंचायत से कलावती देवी, सलैया पंचायत से इंद्रदेव प्रसाद, झुरझुरी पंचायत से सुमन कुमार, कोनहराखुर्द पंचायत से मुन्नी देवी, चेचकपी पंचायत से रीता देवी, बरकट्ठा दक्षिणी पंचायत से मो अब्बास, बरकट्ठा उतरी पंचायत से प्रमिला देवी, बेलकपी पंचायत से ललिता पांडेय, शिलाडीह पंचायत से मो निजाम अंसारी, गोरहर पंचायत से प्रेमिका देवी मुखिया पद से निर्वाचित हुए सबसे अधिक मतों से गोरहर पंचायत मुखिया उम्मीदवार प्रेमिका कुमारी 1868 मत प्राप्त कर अपने निकट्टतम प्रतिद्वंदी देवंती कुमारी से 1258 मतों के अन्तर से विजयी हुए




APEM LIVE

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## गिरिडीह प्रखंड भाग संख्या 38जिला परिषद सदस्य पद पर मुन्नी देवी का कब्जा

**अपेम लाइव : गीरिडीह**
**बजरंगी महतो**



गिरिडीह जिला के सदर प्रखंड के भाग संख्या 38 से जिला परिषद सदस्य पद पर मुन्नी देवी ने जीत दर्ज किया। मुन्नी देवी पति मोहन दास ने 4936मत लाकर विजय घोषित हुई इनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी निर्जला देवी पति कामेश्वर पासवान ने 4911 मत प्राप्त कर दूसरे स्थान पर रहीं। कामेश्वर पासवान निवर्तमान जिला परिषद उपाध्यक्ष थे और बीजेपी के कद्दावर नेता माने जाते हैं वहीं मोहन दास ड्राइवर का काम करता है। ऐसे में 25वोट को लोग बहुत बड़ी जीत मान रहे हैं। मुन्नी देवी महिलाओं के स्वयं सहायता समूहों की सखी मंडल का काम जेएसएलपीएस से जुड़ कर कर रही है। इतने बड़े और कद्दावर नेता को एक साधारण परिवार की महिला ने शिकस्त देकर संदेश देने का काम किया है कि रुपया और रुतबा से जनता के दिलों में जगह नहीं बनाई जा सकती है। एक तरफ़ जहां प्रत्याशियों ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2022में रुपए को पानी की तरह बहाया मगर मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग साफ सुथरे और जमीन से जुड़े प्रत्याशियों के लिए किया। रुपया हारी और सादगी जीती। स्पष्ट है कि आनेवाले दिनों में अगर निष्पक्ष और ईमानदारी से जो प्रत्याशी अपने अपने क्षेत्री में कार्य नही करेंगे अगली चुनाव में हार का सामना करना तय है। जनता मत के रुप में सजा दे रही है और आगे भी भ्रष्ट प्रत्याशियों को देगी।

## राणी सती मंदिर मे दादी उत्सव के तीसरे दिन 21 हज़ार जावा पुष्प से दादी को किया गया भव्य अभिषेक

### दादी की पाटा पूजा के पश्चात सभी दादी भक्तों ने दादी को चढ़ाया जावा पुष्प

**अपेम लाइव : हजारीबाग**
**रितेश खण्डेलवाल**



हजारीबाग शहर के मालवीय मार्ग स्थित राणी सती मंदिर के 24 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं एवं 25 वर्ष के प्रारंभ पर तीन दिवसीय दादी उत्सव मनाया जा रहा है जिसके तीसरे दिन राणी सती मंदिर मे प्रात काल में मंगला आरती के पश्चात पाटा पूजा की गई। जिसके पश्चात सभी दादी भक्तों ने दादी को 21 हज़ार जावा पुष्प चढ़ाया। जिसके बाद सभी दादी भक्तों के बीच प्रसाद स्वरूप खीर,पुरा एवं बुंदिया का भोग वितरण किया गया। वहीं देर शाम 13 सुहागन महिलाओं के द्वारा भव्य महाआरती किया गया। मंदिर के प्रधान पुजारी शशिकांत मिश्रा ने राणी सती दादी की पूजा करवा कर भव्य महाआरती प्रारंभ करवाया। महाआरती संपन्न के बाद सभी भक्तों ने जमकर दादी के भजनों पर नृत्य किया। जिसके पश्चात सुप्रसिद्ध भजन गायक बिट्टू बिहारी उर्फ वीरेंद्र गर्ग ने अपने मनमोहक भजनों से लोगों को झुमाया। तत्पश्चात सभी दादी भक्तों को प्रसाद का वितरण किया गया। मौके पर दादी भक्तों ने कहा कि दादी की असीम कृपा से दादी उत्सव का तीसरा दिन भी ऐतिहासिक रूप से संपन्न हुआ। जिसके लिए समस्त मारवाड़ी समाज के दादी भक्त बधाई के पात्र हैं।

## झारखंड प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन इकाई गिरीडीह ,की बैठक हुई

**अपेम लाइव : गिरिडीह**
**प्रमोद कुमार गुप्ता**



गिरीडीह प्रखंड के सरस्वती विद्या मंदिर विद्यालय राजपुरा,परसातंद पचम्बा में झारखंड प्राइवेट एसोसिएशन इकाई गिरीडीह की बैठक संघ कार्यालय में बैठक हुई।जिसमें गिरीडीह प्रखंड के सभी विद्यालयों के संचालक तथा प्रधानाचार्य सामिल हुए।संघ के सचिव प्रमोद कुमार ने कहा कि जल्द ही गर्मी को देखते हुए लगभग संघ के सभी विद्यालय गर्मी की छूटी कर देंगे।तथा गर्मी छुटी के बाद चित्रकला प्रतियोगिता में सफल विद्यार्थियों को पुरिस्कृत किया जाएगा। संघ के अध्यक्ष सहदेव महतो आज अपना बजट पेश किया।तमाम उपलब्धि को गिनवाया और कहा कि लगातार हमारी संघ मजबूत हो रही है।आज संघ के पास लगभग 80 विद्यालय रजिस्टर है।तथा हर प्रकार की निजी विद्यालय की समस्या को हल किया जाता है। मौके पर संरक्षक अजित मिश्रा, संघ के अध्यक्ष सहदेव महतो,कोषाध्यक्ष प्रयाग महतो,विकास वर्मा,राजेश रवानी,परमेस्सर वर्मा,आदि उपस्तित थे।

## राष्ट्रीय राजमार्क 114 A गिरीडीह डुमरी रोड में ट्रक हुए दुर्घटना ग्रस्त

**अपेम लाइव : गिरिडीह**
**प्रमोद कुमार गुप्ता**



गिरिडीह मुफ्फसिल थाना क्षेत्र बदगुन्दा कला मोड़ ,बंदरकुप्पी के पास सुबह एक ट्रक JH 09 AP 1689 भागलपुर से रांची सीमेंट लेकर जा रही थी मगर विपरीत दिशा से आ रही एक एक ट्रक जिसका नम्बर JH 01 AN 7675 रांची से देवीपुर AIIM हॉस्पिटल देवघर दवाई लेकर जा रही थी मगर ट्रक चालक को खपकि नींद आने से उनका संतुलन बिगड़ गया।ओर अपना संतुलन खोने के बाद दूसरी तरफ से आ रही ट्रक से टकराने के बाद अपने आप को बचाने के लिए दवाई लेकर जा रही ट्रक सड़क के किनारे खेत जा गिरी लेकिन सुबह वर्षा हुई थी जिसके कारण ट्रक खेत मे जा गिरी ओर दुर्घटना हो गई।दुर्घटना में किसी हताहत होने की कोई खबर नही है।लेकिन ट्रक का चेचिस पूरा बिगड़ गया। आगे का पहिया बीच मे आ गई।वही कंपनी की दूसरा ट्रक आने के बाद दवाई दूसरे गाड़ी मि बदलकर सुरक्षित जगह में पहुचाई गई।खबर लिखे जाने तक प्रसासन नही पहुची थी।









सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## प्रतापपुर के विभिन्न पंचायतों सहित भरही में नए मुखिया सुनीता देवी पति रंजीत यादव अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ निकाली विजय जुलूस

**अपेम लाइवः प्रतापपुर**
**चंदन कुमार**





त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के पहले चरण का मतगणना समाप्त होने के बाद नए जनप्रतिनिधि अपने अपने पंचायतों में अपने समर्थकों के साथ निकली विजय जुलूस इसी बीच भरही पंचायत, घोरीघाट पंचायत सहित प्रतापपुर के दर्जनों पंचायत में निकली विजय जुलूस। इसी कड़ी शुक्रवार को भरही पंचायत के नए मुखिया सुनीता देवी पति रंजीत यादव अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ भरही पंचायत में निकली जुलूस भरही के मरका गांव से निकला जुलूस जिसके बाद राजपुर के नर्मदेश्वर महादेव मंदिर पहुंचे, जिसके बाद नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना के साथ साथ 101 नारियल फोड़ कर अपना मनोकामना पूर्ण की और पूरेपंचायत में जमकर बटा लड्डू व नारियल साथ ही साथ पंचायत के सभी बड़ो से लेकर छोटे से मिलकर प्यार आशीर्वाद लिया। वही उनके समर्थक डीजे की धुन पर खूब थिरके उनके समर्थक। और पूजा अर्चना करने बाद अपने मां पिता से पांव छूकर आशीर्वाद लिया। वही मुखिया पति रंजीत यादव से बात किए जाने पर उन्होंने बताया कि मैं भरही पंचायत के समस्त ग्रामीण जनता का आभार व्यक्त करता हूं। क्योंकि मुझे जनता ने विकास कार्य करने के नाम पर मुझे अपना बहुमूल्य वोट देकर मुझे भरही पंचायत का मुखिया बनाया साथ ही उन्होंने बताया कि भरही को एक आदर्श पंचायत बनाऊंगा हमारी पहली प्रा. थमिकता यही होगी। तथा सभी विर्धा, विधवा, राशन कार्ड से वंचित व कई ऐसे योजनाएं हैं जिससे पंचायत की भोली भाली जनता को योजना से कोसो दूर रखा है। वो सभी योजना का लाभ अपने पंचायत में दिलाकर रहूंगा।

### घोरीघाट में भी रीना देवी पति पिंटू शौंडीक ने भी निकली विजय जुलूस

वही प्रतापपुर के घोरीघाट पंचायत में भी नए मुखिया रीना देवी पति पिंटू शौंडीक ने भी निकाली विजय जुलूस रैली। दरअसल घोरीघाट पंचायत की जनता ने इस बार नया चेहरे के रूप में मुखिया को चुना है। जिसके बाद घोरीघाट पंचायत से विजय हासिल करने के बाद रीना देवी पति पिंटू शौंडीक अपने सैकोंडो समर्थको के साथ सिल्दाहा बाजार स्थित मणिकेश्वर महादेव मंदिर घोरीघाट के पास से विजय जुलूस निक. ालकर अपने सकोंडो समर्थको के साथ रंग गुलाल लगाकर डीजे पर नाच गान करते हुए पूरे पंचायत में निकली गई विजय जुलूस। वही नए मुखिया रीना देवी मीडिया कर्मी से बात करते हुए उन्होंने बताया कि घोरीघाट पंचायत प्रतापपुर का एक ऐसा पंचायत है। जहां आज की विकास से पूरे पंचायत के ग्रामीण आज भी वंचित हैं। लेकिन अब घोरीघाट पंचायत को प्रतापपुर का नंबर वन पंचायत बनाना ही हमारी पहली प्राथमिकता होगी। और हमे जात पात का कोई भेद नहीं है। और मैं सभी पंचायत को उनके हक उन्हें मुहैया करवा कर रहूंगी।













सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## जपुर पंचायत का मुखिया के दस वर्षों में भी नहीं हुआ विकास : विकास उर्फ छोटू

## पंचायत का किया हूँ समुचित विकास : बसंती

**अपेम लाइवः कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**


विकास कुमार उर्फ छोटू


बसंती देवी वर्तमान मुखिया

कान्हाचट्टी : प्रखंड के सदर पंचायत माने जाने वाले रा. जपुर पंचायत की स्थिति से 10 वर्षों के मुखिया के कार्यकाल में बद से बदतर हो गई । पंचायत की सड़कें ऐसी है कि बरसात के दिनों में तालाब में तब्दील हो जाती है, राजपुर पंचायत से मुखिया के उम्मीदवार विकास कुमार उर्फ छोटू ने बताया कि रा. जपुर पंचायत के हृदय स्थली राजपुर बाजार की स्थिति बद से बदतर है उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में दो मुखिया रहे लेकिन पंचायत का विकास नहीं कर पाए। उन्होंने कहा कि अगर जनता मुझे एक बार मौका देती है तो रा. जपुर का दिशा और दशा दोनों बदल दी जाएगी। उन्होंने कहा कि पंचायत में शिक्षा स्वास्थ्य एवं नली गली की स्थिति बद से बदतर हो गई है वही मुखिया उमेदवार संतोष वर्मा ने कहा कि राजपुर पंचायत के हृदय माने जाने वाले राजपुर बाजार की सड़कें बरसात के दिनों में तालाब में बदल जाती है। जिससे चार पहिया व दो पहिया से चलने वाले लोगों



सन्तोष वर्मा


राजपुर मेन रोड की तालाब में बदली सड़कें

को दिक्कत होती ही है सबसे ज्यादा दिक्कत पैदल चलने वालों को झेलनी पड़ती है। उन्होंने कहा कि 10 वर्षों में जो भी पंचायत के मुखिया रहे हो पंचायत का समुचित विकास नहीं किए ।यह मुखिया केवल अपना विकास करने में मशगूल रहे। इधर पंचायत के वर्तमान मुखिया बसंती देवी ने कहीं की पंचायत का विकास 5 वर्षों में जो हुआ है वह पिछले 5 वर्षों में नहीं हुआ था । उन्होंने कहा कि कोरोनावायरस के समय मैं और मेरे पति महेश दाँगी मौत को दरा. कनार करते हुए लोगों के सेवा में लगी रही। वहीं पंचायत के कई नली एवं सड़क को पक्की करण करवाया ।उन्होंने कहा कि पंचायत में नए पंचायत भवन बनवाई और जो भी विकास कार्य अधूरे हैं यदि राजपुर पंचायत की जनता मदद करती है तो हमारे पति हमारे सपने को पूरा करेंगे।

## इलेक्शन ड्यूटी करवाने गए शिक्षक अब तक नही लौटे घर, परेशान परिजन पहुँचे थाना

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**



पहले चरण का चुनाव में ड्यूटी पर गए शिक्षक अब तक घर लौटकर नही आये। परेशान हताश शिक्षक के परिजनों ने चौपारण थाना में लिखित आवेदन देकर मामले का जाँच पड़ताल करने का आग्रह किया। पत्नी द्वारा दिये आवेदन के अनुसार उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय असनाचुवाँ में प्रभारी शिक्षक के रूप में कार्यरत शिक्षक धीरेंद्र कुमार यादव को पहले चरण में मतगणना के लिए बरकठा में ड्यूटी दिया गया था। 13 मई को हजारीबाग से मतपेटी लेकर इलेक्शन पार्टी के साथ चुनाव करवाने बरकठा गए। 14 मई को चुनाव कराने के बाद देर शाम मतपेटी जमा करने बाजार समिति हजारीबाग पहुँचे । पत्नी ने बताया की मतपेटी जमा करते समय पति से बात हुवा उसके कुछ देरी बाद उनका मोबाइल बंद आने लगा। एक दो दिन लगा शायद चुनाव से सबधित कार्यो में बिजी होंगे। चार पांच दिन बीत जाने के बाद जब कोई खबर नही आया तो हमसब परेशान व हताश हो गए और पुलिस से मदद की गुहार लगा रहे है।

## डीएस के प्रताड़ना से तंग आकर दो महिला डॉक्टरों ने छोड़ा अस्पताल

## डॉ अंकिता ने किया रिजाइन तो डॉआरती ने खूंटी कराई प्रतिनियुक्ति

## डीएस के करतूत के कारण महिला मरीजों की बढ़ी परेशानी

**अपेम लाइव : चतरा**
**धर्मेंद्र पाठक**

सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ राजीव राजन का आतंक सदर अस्पताल के चिकित्सक से लेकर कर्मियों तक के सिर पर चढ़कर बोल रहा है। इनके प्रताड़ना व आतंक का अंदाजा महज इसी बात से लगाया जा सकता है कि चतरा से दो महिला डॉक्टर अस्पताल छोड़ दी हैं। अस्पताल छोड़ने वालों में जहां डॉक्टर अंकिता खंडेलवाल ने नौकरी से ही रिजाइन मार दिया वहीं डॉ आरती ने अपनी प्रतिनियुक्ति खूंटी करवा लिया। बताया जाता है कि डीएस ने डॉ अंकिता खंडेलवाल के विरुद्ध इतनी लेटरबाजी की और इतना स्पष्टीकरण निकाला की उन्होंने ऐसे अधिकारी के साथ काम करने से बेहतर रिजाइन देना समझा। दूसरी ओर डॉक्टर आरती जो ड्यूटी के दौरान सदर अस्पताल की सीढ़ी से गिर जाने से गंभीर रूप से घायल हो गई थी। वो चलने फिरने में भी असमर्थ हो गई थी, ऐसे में उन्होंने महामहिम डीएस महोदय से चार दिन की छुट्टी मांगी। साहब ने छुट्टी देने से न सिर्फ इंकार कर दिया बल्कि बगैर छुट्टी स्वीकृत कराए अस्पताल से जाने पर नौकरी खा जाने की भी धमकी दे डाली। ऐसे प्रताड़ना से त्रस्त होकर डॉ आरती ने अपना प्रतिनियुक्ति खूंटी करवा लिया। दोनो चिकित्सकों के चतरा छोड़ने के बाद मf. हलाओं को उपचार कराने में परेशानी हो गई है। मालूम हो कि चतरा में पहले से ही महिला चिf. कत्सकों की घोर कमी है, जो आते भी हैं तो ऐसे महामहिम प्रताड़ना से तंग आकर अस्पताल छोड़ देते हैं। पर कोई इन्हे कुछ कर भी तो नहीं सकता है क्योंकि ये ठहरे उपायुक्त मैडम के दूलरुवा। ये तो किसी को भी प्रताड़ित कर सकते हैं। फिर चाहे डॉक्टर भाग जाय या फिर अन्य स्टाफ।




## शिल्पी देवी ने की मतदाताओं से वोट की अपील

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**

गोविंदपुर पंचायत के मुखिया प्रत्याशी शिल्पा देवी ने भारी भीड़ के साथ चुनाव प्रचार प्रसार में जुट गयी है। उन्होंने कहा कि एक मौका दे हमदर्द बनकर सेवा करूँगी। उन्होंने इस दौरान गो. विंदपुर के चरम्बा,उदयपुर, गिधनिया , मसूरीतरी के विभिन्न टोला में जनसम्पर्क कर लोगो से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील किया । उन्होंने कहा कि पंचायत में बुनियादी समस्याओ को दूर कर स्वच्छ वातारण में विकास की नींव रखूंगा। विकास कर पंचायत को झारखंड में अव्वल दर्जा दिलाऊंगा।कहा कि पिछले पांच वर्षो तक मेरे ससुर गोविंदपुर पंचायत का विकास मुखिया बनकर किये है जो अधूरा रह गया है उसे मैं पूरा करूँगी।

## पंसस प्रत्याशी खेमिया देवी ने की वोट की अपील

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**

चानो पंचायत समिति सदस्य प्रत्यासी खेमिया देवी ने चानो के विभिन्न गांव,टोलो में जनसम्पर्क अभियान चलाकर अपने पक्ष में मतदान करने की अपील करते हुए कहा कि आप मुझे एक मौका दे विकास में शिकायत का मौका नहीं दूंगी। गरीबो को राशनकार्ड, प्रधानमंत्री आवास, वृद्धावस्था पेंशन आदि समस्याओं के लिए जरूरतमन्दों को भटकना नही पड़ेगा। विकास के लिए अपना खून पसीना तक बहा देगे लेकिन आपका मान सम्मान पर आंच तक नही दूंगी। उन्हा. ने कहा कि चानो पंचायत में बंद पड़े पेयजलापूर्ति को अविलंब चालू करवाकर सबो को स्वच्छ पेयजल आपूर्ति करने की कोशिश करूँगी।पंचायत को मoडल पंचायत बनवाकर झारखण्ड में चानो पंचायत का नाम रौशन करूँगी।

## मदगड़ा पंचायत की मुखिया प्रत्याशी शारदा देवी ने पंचायत का की तूफानी दौरा

## पंचायत वासियों को कही की पति की अधूरे सपनो को करुंगी पूरी

### पंचायत के मतदाताओं के आशीर्वाद से तीसरी बार बनूंगी मुखिया

**अपेम लाइवः कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**


मुखिया उम्मीदवार शारदा देवी

कान्हाचट्टी प्रखंड के मदगड़ा पंचायत के मुखिया उम्मीदवार शारदा देवी ने पंचायत का लगातार तूफानी दौरा कर रही है।इसी क्रम में शुक्रवार को शारदा देवी ने पंचायत के बिंधानी,दारीदाग, मदगड़ा, बड़वार ,चोरट,हेसाग एवं भदुवा एवं कठोतिया का तूफानी दौरा की। दौरे के क्रम में देवी ने बताया कि वर्ष 2010 में मैं खुद मुखिया बनी थी उसके बाद पंचायत के मतदाताओं के आशीर्वाद से 2015 में पुनः हमारे पति योगेश यादव मुखिया बने थे। पुनः इस बार भी मदगड़ा पंचायत के मतदाताओं का आशीर्वाद मुझे प्राप्त है,और इन मतदाताओं के आशीर्वाद से मैं पुनः मुखिया बनूंगी। उन्होंने आगे कहा कि मैं और हमारे पति पंचायत में बृहद पैमाने पर विकास कार्य की हूं उन्होंने कहा कि जो सड़कें 50 वर्षो से नहीं बनी थी उसे मैं बनवाई । पंचायत में नली पीसीसी पथ तालाब एवं शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र क्षेत्र में बेहतर कार्य किए हैं। हमारे विकास के कारण ही पंचायत के मतदाता मुझे आशीर्वाद स्वरुप पुनः जीत को हमारे झोली में डालेंगे। उन्होंने कहा कि पंचायत की जनता इस बार 24 तारीख को बेल्ट छाप जो क्रम संख्या चार में है मतदान कर मुझे एक बार पुनः मौका देंगे।

## जिप प्रत्याशी गंगिया देवी ने चलाया जनसंपर्क अभियान

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**

पश्चिमी जिप सदस्य प्रत्याशी गंगिया देवी ने गो. विंदपुर में जनसम्पर्क कर लोगो से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की । उन्होंने कहा कि जुलूस की शक्ल में मf. हलाओं की भारी भीड़ यह बता रही है कि जनता का समर्थन व आशीर्वाद मुझे मिल रहा है। विकास की गंगा बहेगी। कहा कि आप मुझे एक मौका दे विकास में शिकायत का मौका नहीं दूंगी। गरीबो को राशनकार्ड, प्रधानमंत्री आवास, वृद्धावस्था पेंशन आदि समस्याओं के लिए जरूरतमन्दों को भटकना नही पड़ेगा। विकास के लिए अपना खून पसीना तक बहा देगे लेकिन आपका मान सम्मान पर आंच तक नही आने दूंगी। महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ूंगी।लड़कियों के लिए उच्च शिक्षा की व्यवस्था विष्णुगढ़ में कराने का भरपूर प्रयास करूँगी। रोजगार के अभाव में बेरोजगारों को अन्य प्रदेश में जाकर नoकरी करनी पड़ती है। मैं अपने इलाके में रोजगार का व्यवस्था करूँगी ताकि अन्य प्रदेश में भटकना नही पड़े। गली नाली सड़क को दुरुस्त करूँगी। पिछले दस वर्षो से इलाके में विकास कहि नजर नही आ रहा है। सभी बस स्टैंड में शौचालय के साथ साथ शुद्ध पेयजल आपूर्ति की जायेगी। मौके पर सोबरन भगत, दीपू अकेला, डोमन गुप्ता, राजू श्रीवास्तव, राणा खान, माही बाबू, मनोज शीतल, अनुराग वर्मन, रोहित सोनी, सुनील वर्मा, रामजतन स्वर्णकार समेत बड़ी संख्या में लोग उप. स्थित थे।